CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 29 ▫ अंक- 206 ▫ रायपुर, बुधवार 19 अगस्त 2026 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## ब्रेकिंग न्यूज

### सत्येंद्र जैन समेत छह आरोपी कोर्ट में पेश, एसीबी ने किया था गिरफ्तार

**नई दिल्ली, 19 अगस्त (न्यूज चैनल)।** दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) के टेंडर में कथित अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के मामले में एंटी करप्शन ब्रांच (एसीबी) ने मंगलवार को दिल्ली की केजरीवाल सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे सत्येंद्र जैन समेत छह आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनमें तत्कालीन डीजेबी सीईओ और आईएएस अधिकारी उदित प्रकाश राय, बोर्ड के पूर्व संविदा सलाहकार अंकित श्रीवास्तव, एएन एंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर नागेंद्र यादव, यूरोटेक एनवायरमेंट प्राइवेट लिमिटेड के मालिक राजा कुमार कुर्रा और सृजनहार के प्रोपराइटर पंकज वर्मा शामिल हैं। एसीबी ने आज सत्येंद्र जैन को राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया। इस दौरान उन्होंने कहा, यह पंजाब चुनावों की वजह से किया गया है। एसीबी ने सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश किया। अदालत में कड़ी सुरक्षा के बीच सुनवाई शुरू हो गई है। एन हरिहरन जैन के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश हुए। एसीबी ने सत्येंद्र जैन के लिए न्यायिक हिरासत की मांग की है। वहीं, एक आरोपी अंकित की पुलिस कस्टडी की मांग की है।



### भारत ने श्रीलंका को 165 रन से हराया, सीरीज में 1-0 की बनाई बढ़त; मानव ने छह विकेट झटके

**नई दिल्ली, 19 अगस्त (न्यूज चैनल)।** भारत ने गॉल में खेले गए पहले टेस्ट में 165 रन से जीत हासिल की है। जीत के लिए मिले 372 रन के लक्ष्य के जवाब में श्रीलंका की दूसरी पारी 206 रन पर सिमट गई। मानव सुथार ने छह विकेट लिए। इस जीत के साथ टीम इंडिया दो मैचों की टेस्ट सीरीज में 1-0 से आगे हो गई है। सीरीज का दूसरा टेस्ट 23 अगस्त से कोलंबो में खेला जाएगा। भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में 462 रन बनाए थे। जवाब में श्रीलंका की पहली पारी 284 रन पर सिमट गई थी। टीम इंडिया को दूसरी पारी में 178 रन की बढ़त हासिल थी। भारत ने अपनी दूसरी पारी में 193 रन बनाए और कुल 371 रन की बढ़त हासिल की और इस तरह श्रीलंका को 372 रन का लक्ष्य मिला था। मानव ने मैच में कुल 10 विकेट लिए। पहली पारी में उन्होंने चार विकेट झटके थे।

### जहरीली शराब पीने से दो की मौत, 19 लोग अस्पताल में भर्ती, चार तस्कर हिरासत में

**नई दिल्ली, 19 अगस्त (न्यूज चैनल)।** गुजरात के भावनगर जिले में कथित तौर पर नकली शराब पीने से दो लोगों की मौत हो गई, जबकि 19 अन्य लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। मामले में पुलिस ने चार शराब तस्करों को हिरासत में लिया है। अधिकारियों के मुताबिक, सभी प्रभावित लोगों ने एक आईएमएफएल (इंडियन मेड फॉरेन लिकर) ब्रांड की नकली बोतलों से शराब पी थी। भावनगर के जिलाधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि नकली बोतलों में भरी शराब पीने के बाद लोगों की तबीयत बिगड़ी। इसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान दो लोगों की मौत हो गई। 19 अन्य लोगों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। गौरतलब है कि गुजरात 'ड्राई स्टेट' है। राज्य में शराब का निर्माण, बिक्री और सेवन प्रतिबंधित है। इसके बावजूद अवैध रूप से शराब की बिक्री और तस्करी के मामले सामने आते रहे हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और हिरासत में लिए गए चार लोगों से पूछताछ की जा रही है।




**चूहा- सुनती हो, पी एम केयर्स को मिलने वाले दान में बड़ी गिरावट आ गई है..!**

**चुहिया- हां जी, दान लेने के लिए पहले फंड को पारदर्शी बनाना चाहिए।**

## युवती से गैंगरेप, हत्या और लूट के मामले में 3 साल बाद आया फैसला

# फास्ट ट्रैक कोर्ट से दो दोषियों को अंतिम सांस तक कारावास की सजा

**जांजगीर-चांपा, 19 अगस्त (हाईवे चैनल)।** शहर के यादव चौक इलाके में तीन साल पहले हुए युवती से दुष्कर्म, हत्या और लूट के मामले में फास्ट ट्रैक कोर्ट ने दो आरोपियों को कड़ी सजा सुनाई है। विशेष न्यायाधीश मुकेश कुमार तिवारी की अदालत ने आरोपी रोहन पांडू और राजेंद्र सूर्या को दोषी ठहराते हुए अलग-अलग धाराओं में चार-चार बार आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अलग-अलग धाराओं में अर्थदंड भी लगाया गया है। फैसले में एक आजीवन कारावास की सजा को ताउम्र यानी आखिरी सांस तक जेल में रहने के रूप में बताया गया है। मामला 12 फरवरी 2023 की रात का है। युवती के माता-पिता काम के सिलसिले में कोरबा गए हुए थे। घर में भाई-बहन मौजूद थे। रात में युवती का भाई दूसरे कमरे में सो गया था।

अभियोजन के अनुसार, दोनों आरोपियों ने पहले युवती के भाई के खाने में नींद की गोलियां मिला दीं। उसके बेहोश होने के बाद कमरे को बाहर से बंद कर दिया गया। इसके बाद आरोपी घर में दाखिल हुए और युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। आरोप है कि वारदात के बाद उसकी हत्या कर दी गई। अगली सुबह युवती के पिता ने अपने बच्चों से फोन पर बात करने की कोशिश की, लेकिन दोनों से संपर्क नहीं हो पाया। इसके बाद उन्होंने चौकीदार को घर जाकर बच्चों से बात कराने के लिए कहा। चौकीदार जब घर पहुंचा तो युवती का भाई एक कमरे में बंद मिला, जबकि दूसरे कमरे में उसकी बहन बिस्तर पर बेसुध पड़ी थी। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। पुलिस जांच में



सामने आया कि वारदात के बाद आरोपी घर से सोने-चांदी के जेवर, मोबाइल फोन और स्कूटी लेकर फरार हो गए थे। जांच के दौरान पुलिस ने लूटे गए सामान और स्कूटी को बरामद किया। पुलिस ने फरार आरोपियों की तलाश शुरू की और दोनों को कवर्धा जिले के पास से गिरफ्तार किया। मुख्य आरोपी रोहन पांडू को पुलिस ने 48 घंटे के भीतर कवर्धा के कुंडा बाजार से गिरफ्तार किया था। इसके बाद दूसरे आरोपी राजेंद्र सूर्या को भी पकड़कर न्यायालय में पेश किया गया।

### 22 गवाहों और दस्तावेजी साक्ष्यों पर टिका अभियोजन

*मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने कुल 22 गवाहों के बयान दर्ज कराए। इसके अलावा दस्तावेजी और फॉरेंसिक साक्ष्य भी न्यायालय के सामने पेश किए गए। अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने दोनों आरोपियों को दोषी माना। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 376(डी), 394, 449, 34 और 302 के तहत अपराध दर्ज किया गया था। अदालत ने गैंगरेप, हत्या, लूट और गृह-अतिचार से जुड़े अपराधों में दोनों को दोषी ठहराते हुए अलग-अलग धाराओं में सजा सुनाई।*

### चार बार आजीवन कारावास और अर्थदंड

*फास्ट ट्रैक कोर्ट ने दोनों दोषियों को अलग-अलग अपराधों में चार-चार बार आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसके अलावा 50 हजार रुपये के अर्थदंड सहित अलग-अलग धाराओं में पृथक अर्थदंड भी लगाया गया। अदालत के इस फैसले को 2023 में हुई इस जघन्य वारदात में पीड़ित पक्ष के लिए महत्वपूर्ण न्यायिक फैसला माना जा रहा है। चार अलग-अलग आजीवन कारावास की सजा के साथ दोषियों को ताउम्र जेल में रहने की सजा सुनाई गई है।*

## राजभवन मार्च बना रणक्षेत्र, बैरिकेडिंग तोड़ी वाटर कैनन चला फिर तेजस्वी यादव गिरफ्तार






**नई दिल्ली, 19 अगस्त (न्यूज चैनल)।** बिहार में पेपर लीक, छात्रों के आंदोलन और बेरोजगारी के मुद्दे पर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के नेतृत्व में निकला आरजेडी का राजभवन मार्च पुलिस कार्रवाई के बाद हंगामे में बदल गया। जेपी गोलंबर से शुरू हुए मार्च में तेजस्वी यादव के साथ हजारों कार्यकर्ता शामिल हुए। डाकबंगला चौराहे पर पुलिस ने मार्च रोकने के लिए बैरिकेडिंग की थी, लेकिन तेजस्वी अपने समर्थकों के साथ बैरिकेडिंग पार कर आगे बढ़ गए। इसके बाद इनकम टैक्स चौराहे पर पुलिस ने भीड़ को रोकने के लिए वाटर कैनन का इस्तेमाल किया। कार्रवाई के बाद तेजस्वी यादव को हिरासत में ले लिया गया। हिरासत में लिए जाने के दौरान उन्होंने कहा कि वह जेल जाने से डरने वाले नहीं हैं।

राजभवन मार्च के लिए आरजेडी के सांसद, विधायक, विधान पार्षद, वरिष्ठ नेता और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता जेपी गोलंबर पर जुटे। तेजस्वी यादव ने मार्च शुरू करने से पहले लोकनायक जयप्रकाश नारायण को नमन किया। इसके बाद वह कार्यकर्ताओं के साथ राजभवन की ओर रवाना हुए। पुलिस ने डाकबंगला चौराहे के पास सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों की तैनाती के साथ बैरिकेडिंग की गई थी। यहीं से मार्च को आगे बढ़ने से रोकने की कोशिश की गई। डाकबंगला चौराहे पर पुलिस की बैरिकेडिंग के बावजूद तेजस्वी यादव और आरजेडी कार्यकर्ता आगे बढ़ने लगे। इसके बाद पुलिस ने उन्हें रोकने के लिए वाटर कैनन का इस्तेमाल किया। कार्रवाई के बाद तेजस्वी यादव को हिरासत में ले लिया गया। हिरासत में लिए जाने के दौरान तेजस्वी ने कहा कि वह जेल जाने से डरने वाले नहीं हैं। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण का जिक्र करते हुए कहा कि उनके भगवान का जन्म भी जेल में ही हुआ था।

## छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट को मिले 3 नए जज, सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने नियुक्ति प्रस्ताव को दी मंजूरी

**रायपुर, 19 अगस्त (हाईवे चैनल)।** सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में तीन नए जजों की नियुक्ति के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। कॉलेजियम की 18 अगस्त 2026 को हुई बैठक में इन न्यायिक अधिकारियों को छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किए जाने की सिफारिश को मंजूरी दी गई। कॉलेजियम की मंजूरी के बाद जस्टिस संतोष शर्मा, जस्टिस सुषमा सावंत और जस्टिस सुधीर कुमार को छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के जज के तौर पर नियुक्त किए जाने का रास्ता साफ हो गया है। कॉलेजियम ने बैठक में इन तीनों न्यायिक अधिकारियों की नियुक्ति के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है।



## छत्तीसगढ: साईं मंदिर से चांदी के मुकुट की चोरी का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

**सक्ती, 19 अगस्त (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ के सक्ती शहर के महामाया मंदिर के पास स्थित साईं मंदिर से भगवान साईं का चांदी का मुकुट चोरी होने के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने चोरी की वारदात में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब 500 ग्राम वजनी चांदी का मुकुट बरामद किया है। बरामद मुकुट की कीमत करीब 95 हजार रुपये बताई गई है। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार, साईं मंदिर में चोरी की सूचना मिलने पर विजय बहादुर ने थाना सक्ती में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में बताया गया कि मंदिर में भगवान साईं के सिर पर लगा चांदी का मुकुट चोरी हो गया है। चोरी करने वाला व्यक्ति मौके से भागने का प्रयास कर रहा था।



मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल और एसडीओपी सक्ती डॉ. भुनेश्वरी पैकरा के मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने जांच शुरू की। घटनास्थल का निरीक्षण करने के साथ विजय बहादुर और गवाहों के बयान लिए गए और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस ने मध्यप्रदेश के नरसिंहपुर जिले के गाडरवारा थाना क्षेत्र के ग्राम बिछुआ निवासी सतीश दुबे (37) को पकड़ा। पूछताछ में उसने अपने सहयोगी ननकी राम चौहान (44) निवासी रायगढ़ के साथ मिलकर मंदिर में चोरी करना स्वीकार किया।

आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने 500 ग्राम वजनी चांदी का मुकुट बरामद किया। गवाहों की मौजूदगी में मुकुट को विधिवत जब्त कर पुलिस कब्जे में लिया गया। पुलिस के अनुसार, विवेचना के दौरान प्राप्त साक्ष्यों से दोनों आरोपियों की अपराध में संलिप्तता की पुष्टि होने पर उन्हें विधिवत गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया।

## अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली-पंजाब को बनाया भ्रष्टाचार का अड्डा: स्वाति

**नई दिल्ली, 19 अगस्त (न्यूज चैनल)।** बीजेपी सांसद और आम आदमी पार्टी की पूर्व नेता स्वाति मालीवाल ने बुधवार को आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर आरोप लगाया कि पंजाब में अपनी गतिविधियां शुरू करने से पहले, उन्होंने पिछले एक दशक में दिल्ली में भ्रष्टाचार की दुकान चलाई। पत्रकारों से बात करते हुए मालीवाल ने आरोप लगाया कि दिल्ली के मुख्यमंत्री के तौर पर अपने कार्यकाल के दौरान, केजरीवाल ने जान-बूझकर किसी भी मंत्रालय का प्रभार नहीं लिया, ताकि घोटालों के सामने आने पर वे अपने मंत्रियों पर दोष मढ़ सकें। मालीवाल ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में दिल्ली में अरविंद केजरीवाल भ्रष्टाचार की दुकान चला रहे थे। चाहे वह स्कूल क्लासरूम बनाने का घोटाला हो, शराब घोटाला हो या ऐसे ही कई अन्य घोटाले हों, जो इन लोगों ने किए।

## कलेक्टर ऑफिस में 'कुत्ता' बनकर पहुंचे नेता प्रतिपक्ष, आवारा कुत्तों के आतंक से हुए परेशान

**नई दिल्ली, 19 अगस्त (न्यूज चैनल)।** मध्य प्रदेश के खंडवा शहर में आवारा कुत्तों के बढ़ते आतंक और नगर निगम की ढचर-पचर कार्यशैली के विरोध में मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर में एक अनोखा प्रदर्शन देखने को मिला। नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष मुल्लू राठौर एक व्यक्ति को डॉग कॉस्ट्यूम का रूप देकर कलेक्ट्रेट की जनसुनवाई में पहुंचे। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। इस अनोखे और प्रतीकात्मक प्रदर्शन को देखकर कलेक्ट्रेट परिसर में मौजूद लोग और प्रशासनिक अधिकारी पूरी तरह हैरान रह गए। हर मंगलवार को आयोजित होने वाली जिला स्तरीय जनसुनवाई में अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे आम नागरिक अपनी-अपनी शिकायतें भूलकर छद्म कुत्ते की तस्वीरें और वीडियो बनाने लगे। नेता प्रतिपक्ष ने इस अनूठे तरीके के जरिए शहर में आवारा श्वानों के बेकाबू खौफ और प्रशासनिक अनदेखी की ओर अधिकारियों का ध्यान आकर्षित किया।



अपर कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में नेता प्रतिपक्ष ने नगर निगम के अधिकारियों पर आवारा कुत्तों की नसबंदी के नाम पर भारी फर्जीवाड़े का आरोप लगाया।


# स्वामित्व योजना के तहत अधिकार अभिलेख निर्माण में धमतरी जिला प्रदेश में अव्वल

## 50 हजार से अधिक पात्र परिवारों को अधिकार अभिलेख का वितरण, 501 राजस्व ग्रामों में कराया गया ड्रोन सर्वेक्षण

**धमतरी, 19 अगस्त (हाईवे चैनल)।** ग्रामीण क्षेत्रों में आबादी भूमि पर निवासरत परिवारों को उनकी भूमि पर स्वामित्व का वैधानिक अधिकार प्रदान करने के उद्देश्य से केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी स्वामित्व योजना का जिले में प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन किया जा रहा है। योजना के तहत राजस्व ग्रामीण आबादी (प्रचलित एवं सुरक्षित) भूमि में निवासरत पात्र परिवारों को उनके अधिकारों का अभिलेखीकरण कर अधिकार अभिलेख वितरित किए जा रहे हैं। गुणवत्तापूर्ण अधिकार अभिलेख निर्माण एवं वितरण के क्षेत्र में धमतरी जिला प्रदेश में अग्रणी रहा है।

स्वामित्व योजना के अंतर्गत जिले के 501 राजस्व ग्रामों में ड्रोन फ्लाई कराया गया है। ड्रोन सर्वेक्षण के माध्यम से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर भारत सरकार की कार्यान्वयन एजेंसी सर्वे ऑफ इंडिया से प्राप्त मानचित्रों का भौतिक सत्यापन कराया गया। इस प्रक्रिया में मैदानी स्तर पर स्थल सत्यापन, पात्र परिवारों की पहचान तथा आबादी भूमि से संबंधित अभिलेखों का परीक्षण किया गया, ताकि तैयार किए जा रहे अधिकार अभिलेख शुद्ध, प्रमाणिक एवं त्रुटिरहित हों।







योजना के तहत अब तक 312 ग्रामों के अभिलेख पोर्टल पर अपलोड किए जा चुके हैं तथा 50 हजार से अधिक अधिकार अभिलेखों का वितरण पात्र हितग्राहियों को किया गया है। इससे ग्रामीण परिवारों को अपनी आबादी भूमि के संबंध में स्पष्ट एवं वैधानिक अभिलेख प्राप्त हुए हैं। अधिकार अभिलेख मिलने से ग्रामीणों को अपनी संपत्ति के स्वामित्व का प्रमाण उपलब्ध होने के साथ ही भविष्य में बैंकिंग एवं वित्तीय सेवाओं का लाभ लेने, संपत्ति संबंधी लेन-देन तथा अन्य आवश्यक प्रक्रियाओं में सुविधा प्राप्त होगी।

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि स्वामित्व योजना ग्रामीण परिवारों को उनकी संपत्ति का विधिवत अधिकार प्रदान करने और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि जिले में योजना के क्रियान्वयन में अभिलेखों की शुद्धता, पारदर्शिता और समयबद्धता को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शेष ग्रामों में भी आवश्यक प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण कर पात्र परिवारों को अधिकार अभिलेख उपलब्ध कराने तथा किसी भी स्तर पर त्रुटि की गुंजाइश नहीं रखने के निर्देश दिए हैं। स्वामित्व योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से ग्रामीण क्षेत्रों में संपत्ति संबंधी विवादों में कमी लाने, भूमि अभिलेखों को अधिक व्यवस्थित एवं पारदर्शी बनाने तथा ग्रामीण परिवारों को संपत्ति के माध्यम से आर्थिक अवसरों से जोड़ने में महत्वपूर्ण सहायता मिल रही है। जिले में योजना के तहत की जा रही कार्यवाही ग्रामीण विकास एवं सुशासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

CMYK